
दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# रामबरात आज, होगी मोर्चाबंदी, कड़ी रहेगी सुरक्षा

## रूफ टाप ड्यूटी के साथ सादे कपड़ों में घूमेंगे पुलिसकर्मी, एडीजी व आइजी संग एसएसपी ने किया फ्लैग मार्च

जासं, बरेली : बमनपुरी से निकलने वाली ऐतिहासिक रामबरात को लेकर पुलिस ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। पुलिसकर्मियों की रूफ टाप ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी घूमेंगे, जिससे कोई भी खुराफात न कर सके। सुरक्षा व्यवस्था में चार सीओ के साथ कुल 315 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

हर वर्ष होली से एक दिन पूर्व निकलने वाली यह राम बारात शहर के चार थाना क्षेत्रों से होकर गुजरती है। इसकी शुरूआत किला थाना क्षेत्र से होती है और फिर यह कोतवाली, बारादरी, प्रेमनगर होते हुए यह वापस बनमपुरी पहुंचती हैं। राम बरात के इस रूट में कई जगह संवेदनशील होने से पुलिस अधिकारी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मार्ग पर लगातार निगरानी की जाए। सुरक्षा के लिए एसएसपी ने चार सीओ, चार थाना प्रभारी, 12 इंस्पेक्टर, 59 दारोगा, 131 आरक्षी व मुख्य आरक्षी, 24 महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा क्यूआरटी में 50 पुलिसकर्मी होंगे। एक प्लाटून पीएसी तैनात की गई है। बरात के दौरान ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।



तैयारी राम बरात की : मठ चौकी के आलमगिरीगंज मोड़ पर मोर्चाबंदी के लिए इस बार कढ़ाओं की जगह पर प्रयुक्त होने वाले ड्रम में पानी भरते युवक • जागरण



रामबरात के मार्ग पर फ्लैग मार्च करते अधिकारी, साथ में पुलिस फोर्स • जागरण

होली, रामबरात व जुमा को लेकर अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। इसी क्रम में बुधवार शाम एडीजी रमित शर्मा, आइजी डा. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार व एसएसपी अनुराग आर्य ने फोर्स संग शहर में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने सभी सुरक्षा के इंतजाम परखे, थानावार सभी को कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की।

फ्लैग मार्च की शुरुआत मलूकपुर पुलिस चौकी से हुई। इसके बाद कोतवाली, बारादरी, किला, प्रेमनगर आदि थाना क्षेत्रों के सभी संवेदनशील इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भी पैदल मार्च किया गया। त्योहारों के मद्देनजर मस्जिदों, दरगाहों, मजारों और इमामबाड़ों को ढकने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति न उत्पन्न हो। एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि होली और जुमा एक ही दिन होने के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

**पुलिस लाइंस में भी हुई दंगा नियंत्रण की रिहर्सल :** होली से पहले एक बार फिर से पुलिस लाइंस में दंगा नियंत्रण की रिहर्सल की गई। कुछ पुलिसकर्मियों ने दंगाइयों की भूमिका निभाकर बवाल की कोशिश की जिन्हें पुलिसकर्मियों ने पहले समझाने का प्रयास किया मगर नहीं मानने पर दौड़ा दिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि त्योहारों को लेकर पुलिस की ओर से लगातार तैयारियां की जा रही हैं।

रिहर्सल में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा आदि मौजूद रहे।

**दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025**

# पीपीएस इशिका सिंह और आरक्षी संजय को लगाया प्रतीक चिह्न



पुलिस उपाधीक्षक इशिका सिंह को बैच लगाते एडीजी जोन और आइजी रेंज • जागरण

जासं, बरेलीः अपर पुलिस महानिदेशक कार्यालय में बुधवार को पीपिंग सेरेमनी मनाई गई। इसमें एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा और आइजी रेंजर डा. राकेश सिंह ने शाहजहांपुर की पुलिस उपाधीक्षक इशिका सिंह और जोनल कार्यालय में तैनात आरक्षी संजय कुमार को प्रतीक चिह्न, रैंक लगाकर बधाई दी।

मूलरूप से प्रयागराज की रहने वाली इशिका सिंह ने व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा किया है। इशिका सिंह की शिक्षा परास्नातक (भूगोल) है। वह 2022 बैच की प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) की अधिकारी हैं। इशिका सिंह जिला शाहजहांपुर में प्रभारी निरीक्षक (प्रशिक्षु उपाधीक्षक) सेहरामऊ दक्षिणी के पद पर कार्य कर चुकी हैं।

वर्तमान में वहीं पुलिस उपाधीक्षक, कार्यालय के पद पर कार्यरत है। इसके अतिरिक्त जोनल कार्यालय बरेली में कार्यरत आरक्षी संजय कुमार को मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत होने पर बैच लगाया गया। आरक्षी संजय कुमार वर्ष 2012 में उप्र. पुलिस में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। वरिष्ठता के अनुसार मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत हुए हैं।

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# आज निकाली जाएगी राम बरात, हुरियारे करेंगे मोर्चाबंदी

### 164 साल पुराना रथ सजकर तैयार, नगर भ्रमण पर निकलेंगे श्रीराम, लक्ष्मण, सीता के स्वरूप

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। विश्व धरोहरों में शामिल ब्रह्मपुरी से निकलने वाली राम बरात बृहस्पतिवार को धूमधाम से निकाली जाएगी। ब्रह्मपुरी स्थित नृसिंह मंदिर से सुबह 10 बजे पूजा-पाठ के बाद इसकी शुरुआत होगी।

रामलीला सभा कमेटी के प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि 164 साल पुराने लकड़ी के रथ को सजाया गया है। रामलीला की शुरुआत दौर से ही हर वर्ष रथ को सिर्फ राम बरात के लिए ही निकाला जाता है। रथ पर भगवान श्रीराम, देवी सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी के स्वरूप सवार होकर शहर में निकलेंगे। यात्रा की शुरुआत रामलीला सभा के अध्यक्ष राजू मिश्रा मोर्चाबंदी के साथ करेंगे।

रथ पर कमेटी के संरक्षक अनुपम कपूर व डॉ. विनोद पागरानी भी रहेंगे। राम बरात में नृसिंह मंदिर से एक रथ व दो ट्रॉलियां निकलेंगी। इसके बाद कुतुबखाना पर चाहबाई की ओर से आ रहीं अन्य झाकियां भी इसमें शामिल होंगी। इसके बाद यात्रा अपने भव्य रूप में दिखाई देगी। सह अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि इस बार हुरियारे महाकुंभ के जल से लोगों को सराबोर करेंगे। बिहारीपुर, कालीबाड़ी, बरेली कॉलेज गेट, सब्जी मंडी पर हुरियारों की टोली जमकर मोर्चाबंदी करेगी। राम बरात में प्रभु राम के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।



होली से पहले रूट मार्च करते अफसर। स्रोत : पुलिस विभाग

### अफसरों के नेतृत्व में पुलिस ने की पैदल गश्त

बरेली। रामबरात से पहले संवेदनशील इलाके में पुलिस के बड़े अफसरों ने दस्तक दी। किला इलाके से शुरू हुआ रूट मार्च रामबरात स्थल से होते हुए कोतवाली के संवेदनशील इलाकों में पहुंचा। जुलूस का नेतृत्व एडीजी जोन रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह ने किया। इनके अलावा डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक व अन्य अधिकारी साथ चल रहे थे। अधिकारियों ने लोगों से संवाद किया और रामबरात, होली व ईद के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए कहा। ब्यूरो

### 315 पुलिसकर्मी तैनात, धर्मस्थल ढंके

बरेली। रामबरात में अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों की सेक्टरवार ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही 315 पुलिसकर्मी यात्रा के साथ व छतों पर तैनात रहेंगे। ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। रास्ते में पड़ने वाले दूसरे समुदाय के धर्मस्थलों को ढंकवा दिया गया है।

बमनपुरी की विश्व प्रसिद्ध रामलीला से संबंधित रामबरात बरेली की ऐतिहासिक विरासत है। पूर्व में बरात के दौरान बदायूं निवासी दो युवकों की हत्या हो चुकी है तो तीन साल पहले बांस मंडी में पथराव हो गया था। इस बार एसएसपी अनुराग आर्य ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस अधिकारी ज्यादा सतर्कता बरत रहे हैं। एसएसपी ने रामबरात को सकुशल निकलवाने की जिम्मेदारी एसपी सिटी मानुष पारीक को दी है।

एसपी सिटी ने बताया कि फोर्स का नेतृत्व चार सीओ करेंगे। इसके साथ ही चार थाना प्रभारी, 12 इंस्पेक्टर, 59 दरोगा, 131 आरक्षी, मुख्य आरक्षी, 24 महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। छह क्यूआरटी (क्विक रेस्पांस फोर्स) का गठन किया गया है। इसमें 50 पुलिसकर्मी शामिल हैं। रामबरात की सुरक्षा में एक कंपनी पीएसी भी लगाई गई है। खुफिया टीम भी सादे कपड़ों में भीड़ के बीच रहेगी जो खुराफातियों पर नजर रखेगी। ब्यूरो



कोहाड़ापीर रोड पर ढंका गया धर्मस्थल। संवाद

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# शहर में घूमे अफसर, मस्जिदों-दरगाहों को ढकने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** होली और रमजान का जुमा एक ही दिन होने की वजह से पुलिस-प्रशासन सजग है। बुधवार शाम भारी पुलिस फोर्सके साथ एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश कुमार, डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य ने शहर में रामबरात के रूट पर भ्रमण किया और लोगों से बातचीत करने के साथ होली पर मस्जिदों, दरगाहों, मजारों और इमामबाड़ों को ढकने के निर्देश दिए।



राम बरात के रूट पर अधिकारियों ने पैदल मार्च किया। ● अमृत विचार

पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पैदल मार्च यह संदेश देने के लिए निकाला कि सभी लोग उल्लास के साथ होली मनाएं। असामाजिक तत्व भी समझ लें कि किसी भी खुराफात पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। - रमित शर्मा, एडीजी

बृहस्पतिवार को रामबरात निकलेगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी कारण रामबरात के पूरे रूट पर पैदल मार्च निकाला गया है। - रविंद्र कुमार, डीएम

बरेली की होली प्रदेश में मशहूर है। होली पर रामलीला के साथ यहां विशाल रामबरात भी निकलती है। होली और जुमा एक साथ होने से पुलिस-प्रशासन सतर्क है। जिले में 13 और 14 मार्च को 80 जुलूस निकलेंगे, 2900 होलिका दहन होंगे। इसके लिए पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। पूरी कोशिश है कि लोग सुरक्षित ढंग से होली और जुमा मना सकें।

- अनुराग आर्य, एसएसपी

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# धूमधाम से आज निकलेगी राम बारात, इन रास्तों पर जाने से बचें

## वाहनों की आवाजाही पर लगा दी गई है रोक, रूट पर रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा

**आयोजन**

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** शहर में आज बड़ी बमनपुरी और चाहबाई से होकर राम बारात निकलेगी। इसको लेकर रूट डायवर्ट भी रहेगा। बाइक और पैदल जाने वाले लोगों के लिए आज इस रूट से निकलना काफी मशक्कत भरा हो सकता है।

राम बारात में मस्ती से सराबोर हुरियारे रंग खेलते हुए चलेंगे। जगह-जगह रंगों के मोर्चे होंगे। ऐसे में इन रूट पर निकलने में लोगों को परेशानी हो सकती है। जाना बहुत जरूरी हो तो वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें, संभव हो तो बाजार में न निकलें तो ही बेहतर रहेगा। जहां-जहां से राम बारात निकलेगी उस रूट पर बिजली आपूर्ति बंद करने के निर्देश प्रभारी मुख्य अभियंता ब्रह्म पाल ने दिए हैं।

**यह है रामबारात का रूट:** बमनपुरी स्थित नृसिंह मंदिर से शुरु होकर मलूकपुर चौराहा, बिहारीपुर ढाल, कुतुबखाना, घंटाघर, नावल्टी चौराहा, बरेली कालेज गेट, कालीबाड़ी, श्यामगंज चौराहा, साहू गोपी नाथ, मठ की चौकी, शिवाजी मार्ग, कुतुबखाना चौराहा, बड़ा बाजार, किला चौराहा, सिटी सब्जी मंडी, मलूकपुर चौराहा होते हुए वापस नृसिंह मंदिर में समापन होगा।



एडीजी रमित शर्मा ने अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया।

## चार थानों की फोर्स तैनात ड्रोन से होगी निगरानी

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** बड़ी बमनपुर की ऐतिहासिक श्रीरामलीला में रामबारात को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। चार थानों की पुलिस फोर्स, पीएसी के साथ ही एलआईयू तैनात रहेगी।

रामबारात मार्ग में कई जगह संवेदनशील होने की वजह से पुलिस अधिकारी वहां अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर तैनात फोर्स का नेतृत्व चार क्षेत्राधिकारी करेंगे। इसके साथ ही चार थाना प्रभारी, 12 इंस्पेक्टर, 59 दरोगा, 131 आरक्षी-मुख्य आरक्षी, 24 महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही 6 क्यूआरटी का भी गठन किया गया है जिसमें 50 पुलिसकर्मी शामिल हैं। रामबारात की सुरक्षा में एक कंपनी पीएसी भी लगाई गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि रामबारात के मार्ग पर जगह-जगह छत पर भी पुलिस टीम की तैनाती की गई है। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। सादे कपड़ों में भी पुलिस तैनात रहेगी।

### एडीजी, एसएसपी ने पुलिस बल के साथ की पैदल गश्त

होली, रमजान माह, ईद-उल-फितर आदि के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए एडीजी रमित शर्मा ने अधिकारियों और भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त की। एडीजी के साथ पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस बल के साथ कोतवाली, बारादरी एवं किला के प्रमुख चौराहों, तिराहों, मार्केट, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया। पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक ने ऐतिहासिक रामबारात के जुलूस के मार्ग का निरीक्षण कर पैदल गश्त की।

### सुबह से ही ट्रैफिक का होगा प्रबंध

गुरुवार की सुबह नौ बजे से ही हुलियारों की टोलियां दिखने लगेंगी। इसलिए ट्रैफिक पुलिस रामबारात वाले रूटों पर ट्रैफिक व्यवस्था में जुट जाएगी। ऑटो, ई-रिक्शा, कार आदि राम बारात मार्ग पर प्रतिबंधित रहेंगे। ट्रैक्टर-ट्रॉलियां वही निकाली जाएंगी, जो राम बारात में शामिल होने वाली होंगी। राम बारात के रूट पर ट्रैफिक डायवर्जन होगा। बता दें कि शाम पांच से छह बजे तक हुलियारों की टोलियां का सड़कों पर हुड़दंग रहता है।

आसमां तक जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# उपाधीक्षक सुश्री इशिका सिंह को प्रतीक चिन्ह/रैंक लगाकर दी बधाई



आसमां तक रिपोर्टर

**बरेली।** जनपद शाहजहॉपुर में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक सुश्री इशिका सिंह के व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र डा0 राकेश सिंह द्वारा पैम्पलिंग सेरेमनी में उन्हें प्रतीक चिन्ह/रैंक लगाकर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सुश्री इशिका सिंह मूल रूप से जनपद प्रयागराज, उ0प्र0 की रहने वाली है। सुश्री इशिका सिंह की शिक्षा परास्नातक(भूगोल) है तथा वर्ष 2022 बैच की प्रान्तीय पुलिस सेवा(पी.पी.एस.) की अधिकारी हैं। सुश्री इशिका सिंह जनपद शाहजहॉपुर में प्रभारी निरीक्षक(प्रशिक्षु उपाधीक्षक) सेहरामऊ दक्षिणी के पद पर कार्य कर चुकी है तथा वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, कार्यालय, जनपद शाहजहॉपुर के पद पर कार्यरत है। इस अवसर पर जोनल कार्यालय, बरेली का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## आसामां तक जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# हिंदुओ की होली, मुस्लिमो का जुमा, सबकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**आसमां तक रिपोर्टर**

## खुराफाती हो जाएं सावधान एडीजी रमित शर्मा

**बरेली।** इस साल होली और जुमा एक ही दिन पड़ने के कारण बरेली पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जिले को प्रदेश के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माना जाता है, जिसके चलते बुधवार को पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की शुरुआत मलूकपुर पुलिस चौकी से हुई और इसे शहर के सभी संवेदनशील इलाकों से निकाला गया। इस दौरान एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, सभी एडिशनल एसपी, डीएसपी, विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस और पीएसी के जवान मौजूद रहे। त्योहारों के मद्देनजर मस्जिदों, दरगाहों, मजारों और इमामबाड़ों को ढकने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति न उत्पन्न हो। एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि होली और जुमा एक ही दिन होने के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा आज पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, 15 पुलिस इंस्पेक्टर और पीएसी जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। यह संदेश देने के लिए कि सभी लोग शांति और उल्लास के साथ त्योहार मनाएं। वहीं, असामाजिक तत्वों को भी यह समझ लेना चाहिए कि पुलिस प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को राम बारात निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए राम बारात के पूरे रूट पर फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने जनता से अपील की कि सभी अपने त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। इस फ्लैग मार्च में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव, सीओ सेकेंड संदीप सिंह, सीओ थर्ड देवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला, इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडे, इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय व 15 अन्य पुलिस इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिस अधिकारियों में शामिल रहे। बरेली की होली पूरे देश में मशहूर है। यहां रामलीला के आयोजन के साथ विशाल राम बारात भी निकलती है। लेकिन इस बार होली और जुमा एक साथ होने से प्रशासन की सतर्कता बढ़ गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि 13 और 14 मार्च को जिले में 80 जुलूस निकलेंगे। जिसमें 2,900 स्थानों पर होलिका दहन होगा। इसके लिए जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती पूरी कर ली गई है। हमारी पूरी कोशिश है कि त्योहारों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो और लोग सुरक्षित तरीके से होली व जुमा मना सकें।

# दैनिक भास्कर जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

अधिकतम तापमान 34.9 >> न्यूनतम तापमान 18.5 >> सूर्योदय 6:18 >> सूर्यास्त 18:14 >> डॉलर 87.16 >> यूरो 95.13 >>

छोटीबड़ीबात
आज ही के दिन 1997 में मदर टेरेसा ने इंडियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी के नेतृत्वकर्ता के रूप में सिस्टर निर्मला का चयन किया था।

देश का विश्वसनीय अखबार
दैनिक भास्कर
लखनऊ | गुरुवार 13 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ 18+2
झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित
बुरा मान गए तो.. बोलो.... होली है : 18



# एडीजी रमित शर्मा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च, अमन-चैन का संदेश

- शहर के प्रमुख इलाकों में अधिकारियों की पैनी नजर

भास्कर ब्यूरो

**बरेली।** इस वर्ष होली और रमज़ान के जुम्मे का संयोग एक साथ होने के कारण जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और शांति व सौहार्द का संदेश देने के लिए एडीजी जोन रमित शर्मा के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा।होली और रमज़ान के जुम्मे को देखते हुए एडीजी रमित शर्मा, आईजी राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक,सिटी मजिस्ट्रेट, सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिस बल ने मिलकर शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। यह मार्च केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि जनता को सुरक्षा का विश्वास दिलाने और अमन-शांति बनाए रखने का



संदेश देने के लिए भी किया गया।पुलिस और प्रशासन की टीम ने शहर के प्रमुख बाज़ारों, संवेदनशील मोहल्लों और प्रमुख चौकों पर गश्त की। खासकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, राहगीरों और आम नागरिकों से संवाद किया और सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

फ्लैग मार्च के दौरान एडीजी रमित शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि होली और रमज़ान दोनों ही भाईचारे के प्रतीक हैं और इन्हें शांतिपूर्ण तरीके से मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पुलिस-प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए हर समय मुस्तैद है और किसी भी असामाजिक तत्व को शांति भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।एसएसपी अनुराग आर्य ने भी कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर कोई शरारती तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।फ्लैग मार्च के साथ ही शहर में सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है और लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। हर संवेदनशील इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को तुरंत रोका जा सके।

एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग को भी बढ़ा दिया गया है। गश्त करने वाली टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें।

इस बार प्रशासन ने सिर्फ़ ज़मीनी सुरक्षा व्यवस्था को ही मजबूत नहीं किया, बल्कि सोशल मीडिया पर भी सख्ती से निगरानी रखी जा रही है।एडीजी रमित शर्मा ने स्पष्ट किया कि अगर कोई भी व्यक्ति भड़काऊ पोस्ट या अफवाहें फैलाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की साइबर टीम लगातार सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और किसी भी भ्रामक या भड़काऊ संदेश पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा।

जनसंदेश टाइम्स जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025



बरेली। होली/रमजान के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रमुख बाजार एवं भीड़-भाड़ वाले स्थान पर स्थानीय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक बरेली डॉ राकेश सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीकः राधा बल्लभ अग्रवाल

टेलीग्राम संवाद | बरेली | बरेली, गुरुवार, 13 मार्च 2025 | 2

# त्योहारों पर पुलिस हाई अलर्ट पर फ्लैग मार्च कर दिया संदेश

## संवेदनशील और प्रमुख इलाकों में ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से विशेष निगरानी





टेलीग्राम संवाद

बरेली। होली और ईद पर पुलिस और प्रशासन बेहद सतर्क है। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने संवेदनशील और प्रमुख स्थान चिन्हित कराये हैं। उन्होंने साफ शब्दों में चेताया है कि शरारती तत्व बख्शे नहीं जाएंगे। उन पर निगरानी हो रही है। साथ ही चिन्हित संवेदनशील और प्रमुख इलाकों में ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से विशेष निगाहें रखी जा रही हैं। उन्होंने होली पर हार्दिक शुभकामनाएं भी दी हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक ने बुधवार शाम नगर क्षेत्र में विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पुलिस महानिरीक्षक आदि वरिष्ठ अफसरों संग फ्लैग मार्च भी किया। उन्होंने प्रमुख लोगों से संवाद कर सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया।

इस वर्ष होली और रमजान संयोग से एक साथ हैं। जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और शांति व सौहार्द का संदेश देने हेतु एडीजी जोन रमित शर्मा नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। एडीजी रमित शर्मा, आईजी डा. राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिस बल साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। यह मार्च केवल सुरक्षा दृष्टि से ही नहीं, बल्कि जनता में सुरक्षा का विश्वास और शरारती तत्वों को एहसास दिलाने हेतु किया गया था।

अमन-शांति बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। पुलिस और प्रशासन टीम ने प्रमुख बाजारों, संवेदनशील मोहल्लों और प्रमुख चौकों पर मार्च किया। खासकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, राहगीरों और आम नागरिकों से संवाद किया। सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया।

फ्लैग मार्च दौरान एडीजी रमित शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि होली और रमजान दोनों ही भाईचारे के प्रतीक हैं और इन्हें शांतिपूर्ण तरीके से मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पुलिस-प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए हर समय मुस्तैद है। शांति भंग करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। अगर कोई शरारती तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। प्रमुख चौराहों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। हर संवेदनशील इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को तुरंत रोका जा सके।

पुलिस साइबर टीम लगातार सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और किसी भी भ्रामक या भड़काऊ संदेश पर तुरंत एक्शन होगा। होली और रमजान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने धार्मिक गुरुओं, समाजसेवियों और प्रमुख नागरिकों साथ कई बैठक आयोजित कर चुका है।

टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# पुलिस जोनल कार्यालय में कार्यरत आरक्षी संजय कुमार पदोन्नत



टेलीग्राम संवाद

बरेली। पुलिस जोनल कार्यालय में कार्यरत आरक्षी संजय कुमार मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नत होने पर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा व पुलिस महानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र डा. राकेश सिंह द्वारा में प्रतीक चिन्ह लगाकर बधाई दी। आरक्षी संजय कुमार वर्ष 2012 में उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी पद पर भर्ती हुये थे तथा वरिष्ठता अनुसार मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नत हुये है। कार्यक्रम में बरेली जोन कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

# टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# पुलिस उपाधीक्षक शाहजहांपुर इशिका सिंह ने पूरा किया प्रशिक्षण

**एडीजी और आईजी ने प्रतीक चिन्ह लगाकर किया सम्मानित**

**टेलीग्राम संवाद**



बरेली। जनपद शाहजहांपुर में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक सुश्री इशिका सिंह ने व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। इसपर अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा व पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र डा. राकेश सिंह द्वारा Pipping Ceremony में उन्हें प्रतीक चिन्ह/रैंक लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

सुश्री इशिका सिंह मूल रूप से जनपद प्रयागराज निवासी है। सुश्री इशिका सिंह की शिक्षा परास्नातक(भूगोल) है तथा वर्ष 2022 बैच की प्रान्तीय पुलिस सेवा(पीपीएस) अधिकारी हैं। सुश्री इशिका सिंह जनपद शाहजहांपुर में प्रभारी निरीक्षक (प्रशिक्षु उपाधीक्षक) सेहरामऊ दक्षिणी पद पर रह चुकी हैं। वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, कार्यालय, जनपद शाहजहांपुर पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर जोनल कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

# दैनिक समाज जनपद बरेली दिनॉक 13.03.2025

# एडीजी और आईजी ने एएसपी इशिका सिंह को लगाए प्रतीक चिह्न

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। बरेली जोन कार्यालम में बुधवार को एडीजी और आईजी ने प्रशिक्षण पूरा होने पर एएसपी इशिका सिंह और मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत होने पर संजय कुमार को प्रतीक चिह्न लगाए। साथ ही उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभाकामनाएं दीं।



शाहजहांपुर में कार्यरत एएसपी इशिका सिंह का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर एडीजी रमित शर्मा और आईजी डॉ. राकेश सिंह ने पाइपिंग सेरेमनी में उन्हें प्रतीक चिह्न व रैंक लगाकर शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इशिका सिंह मूलरूप से जनपद प्रयागराज की रहने वाली है। उन्होंने भूगोल में परास्नातक किया है। वह 2022 बैच की पीपीएस अधिकारी हैं और शाहजहांपुर में प्रभारी निरीक्षक (प्रशिक्षु उपाधीक्षक) सेहरामऊ दक्षिणी के पद पर कार्य कर चुकी हैं और वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के पद पर कार्यरत है।



**संजय कुमार मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत**

एडीजी और आईजी ने बरेली जोनल कार्यालय में कार्यरत आरक्षी संजय कुमार को मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत होने पर प्रतीक चिह्न लगाकर बधाई दी। संजय कुमार वर्ष 2012 में उप्र पुलिस में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे और वरिष्ठता के अनुसार मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत हुए है। उक्त कार्यक्रम में बरेली जोन कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# होली और जुमा एक साथ, बरेली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## - खुराफाती हो जाएं सावधान: एडीजी रमित शर्मा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। इस साल होली और जुमा एक ही दिन पड़ने के कारण बरेली पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जिले को प्रदेश के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माना जाता है, जिसके चलते बुधवार को पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च की शुरूआत मलूकपुर पुलिस चौकी से हुई और इसे शहर के सभी संवेदनशील इलाकों से निकाला गया। इस दौरान एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, सभी एडिशनल एसपी, डीएसपी, विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस और पीएसी के जवान मौजूद रहे। त्योहारों के मद्देनजर मस्जिदों, दरगाहों, मजारों और इमामबाड़ों को ढकने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति न उत्पन्न हो।

### खुराफाती हो जाएं सावधान: एडीजी रमित शर्मा

एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि होली और जुमा एक ही दिन होने के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा आज पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, 15 पुलिस इंस्पेक्टर और पीएसी जवानों के साथ



फ्लैग मार्च निकाला गया। यह संदेश देने के लिए कि सभी लोग शांति और उल्लास के साथ त्योहार मनाएं। वहीं, असामाजिक तत्वों को भी यह समझ लेना चाहिए कि पुलिस प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।

### राम बारात के लिए विशेष इंतजाम

डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को राम बारात निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए राम बारात के पूरे रूट पर फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने जनता से अपील की कि सभी अपने त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। इस फ्लैग मार्च में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव, सीओ सेकेंड संदीप सिंह, सीओ थर्ड देवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला, इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडे, इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय व 15 अन्य पुलिस इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिस अधिकारियों में शामिल रहे।

### बरेली में होली का विशेष महत्व, इस बार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

बरेली की होली पूरे देश में मशहूर है। यहां रामलीला के आयोजन के साथ विशाल राम बारात भी निकलती है। लेकिन इस बार होली और जुमा एक साथ होने से प्रशासन की सतर्कता बढ़ गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि 13 और 14 मार्च को जिले में 80 जुलूस निकलेंगे। जिसमें 2,900 स्थानों पर होलिका दहन होगा। इसके लिए जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती पूरी कर ली गई है। हमारी पूरी कोशिश है कि त्योहारों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो और लोग सुरक्षित तरीके से होली व जुमा मना सकें।

**अमर उजाला जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 13.03.2025**

# सीओ को प्रतीक चिह्न और रैंक लगाए



बरेली में सीओ को चिह्न लगाते एडीजी व आईजी। स्रोत : पुलिस

**शाहजहांपुर।** जनपद में कार्यरत रहीं पुलिस उपाधीक्षक इशिका सिंह के व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद एडीजी रमित शर्मा और आईजी जोन डॉ.राकेश सिंह ने उन्हें प्रतीक चिह्न व रैंक लगाकर बधाई दी। अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रयागराज की रहने वालीं इशिका सिंह भूगोल विषय से परास्नातक हैं। वह वर्ष 2022 बैच की प्रांतीय पुलिस सेवा की अधिकारी हैं। प्रशिक्षु ट्रेनी के तौर पर सेहरामऊ दक्षिणी थाने की प्रभारी रही हैं। वर्तमान में सीओ कार्यालय हैं। संवाद

---

**यौमी समाचार जनपद बिजनौर दिनॉक 13.03.2025**

# एडीजी,आईजी ने पुलिस उपाधीक्षक को उनका प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत स्टार लगाकर दी बंधाई

**यौमी समाचार ब्यूरो**

--------------------

**बरेली।** एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा और आईजी डाक्टर राकेश सिंह ने पुलिस उपाधीक्षक सुश्री इशिका सिह के प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त स्टार लगाकर बधाई देते हुये नई जिम्मेदारियों को पूर्ण लगन, ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करने प्रेरित किया। जबकि आरक्षी संजय कुमार को मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति होने पर प्रतीक चिन्ह लगाकर दी शुभकामनाएं। सुश्री इशिका सिंह मूल रूप से जनपद प्रयागराज, उ.प्र. की रहने वाली है। सुश्री इशिका सिंह की शिक्षा परास्नातक(भूगोल) है तथा वर्ष 2022 बैच की प्रान्तीय पुलिस सेवा(पी.पी.एस.) की अधिकारी हैं। सुश्री इशिका सिंह जनपद शाहजहॉपुर में प्रभारी निरीक्षक(प्रशिक्षु उपाधीक्षक) सेहरामऊ दक्षिणी के पद पर कार्य कर चुकी है तथा वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, कार्यालय, जनपद शाहजहॉपुर के पद पर कार्यरत है। इस अवसर पर जोनल कार्यालय, बरेली का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। रमित शर्मा ने कहा कि अपने प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता का शानदार परिचय दिया है। उन्होंने आगे कहा कि एक पुलिस अधिकारी के रूप में उनकी जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, और हमें विश्वास है कि वे अपने दयित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। रमित शर्मा ने कहा कि सुश्री इशिका सिंह अपनी त्वरित निणंय लेने की क्षमता और प्रभावी कार्यशैली के लिए जानी जती हैं। उन्होंने अपने सेवा काल में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्हें प्रतीक चिन्ह/रैंक लगाकर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# होली और रमजान को लेकर बरेली में सुरक्षा कड़ीः एडीजी ने फ्लैग मार्च निकाला, सोशल मीडिया पर भी नजर

## आईजी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डीएम सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे

यौमी समाचार ब्यूरो

-------------------



लखनऊ। बरेली में आगामी त्योहारों होली, रमजान और जुम्मे की नमाज को लेकर एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। आईजी, डीएम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद बरेली एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहारों शान्ति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु बरेली नगर क्षेत्र के थाना कोतवाली, किला एवं बारादरी क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख बाजार एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/फ्लैग मार्च कर आमजन/व्यापारियों के साथ संवाद कर आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत किया गया। बुधवार की शाम एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख बाजारों और चौराहों पर फ्लैग मार्च किया गया। रमित शर्मा ने व्यापारियों और आम नागरिकों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और बेहतर व्यवस्था के लिए सुझाव लिए। एडीजी रमित शर्मा ने सभी से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने किया पैदल मार्च। रमित शर्मा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। साइबर और सोशल मीडिया सेल भ्रामक खबरें और भड़काऊ टिप्पणियां फैलाने वालों पर कड़ी नजर रख रही है। बॉर्डर एरिया में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रमित शर्मा ने आश्वासन दिया है कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।